NAREDCO MAHARASHTRA

MINEPRO COMMUNICATIONS
new-age image & reputation curators

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959

# राष्ट्रीय शहरी व रियल एस्टेट विकास कॉन्क्लेव 14 को

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के सबसे तेजी से शहरीकरण कर रहे राज्यों में शामिल हरियाणा, अपनी विकास यात्रा और भविष्य की प्राथमिकताओं को राष्ट्रीय शहरी एवं रियल एस्टेट विकास कॉन्क्लेव 2026 में प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस सहभागिता का नेतृत्व नारेडको हरियाणा द्वारा किया जा रहा है। 13-14 फरवरी 2026 को नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित होने वाला यह कॉन्क्लेव राज्यों के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने शहरी विकास के अनुभवों और भविष्य की रूपरेखा को साझा कर सकेंगे। कॉन्क्लेव में हरियाणा सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह भी सम्मिलित होंगे साथ ही वरिष्ठ नीति-निर्माता, सरकारी अधिकारी, अग्रणी डेवलपर्स, वित्तीय संस्थान, निवेशक, शहरी योजनाकार और उद्योग विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र होंगे। नारेडको के अध्यक्ष एवं नारेडको हरियाणा के अध्यक्ष परवीन जैन ने कहा कि हरियाणा राज्य में सतत और समावेशी शहरी विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।